आजादी 70 - के संबंध में वाग्वर्धिनी परिषद द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 'स्वाधीनता संग्राम में देशभक्तों का योगदान। ' बडे उत्साह के साथ छात्रों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया और दिए गए विषय पर अपने विचार और राय को व्यक्त किया ।

सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धायें -

आजादी 70 - पखवाडे के उपलक्ष्य में विद्यापीठ के कलापरिषद ने विभिन्न प्रतियोगताओं का आयोजन किया। विभिन्न स्तरों छात्रों ने बडे उत्साह के साथ भाग लिया। निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगित ।

मौन अभिनय, एक पात्राभिनय, नृत्य प्रतियोगिता ।

रक्त दान शिबिर

एन एस एस के इकाइयों के सहयोग से विद्यापीठ के शोध छात्रों ने 19.08.2016 रक्त दान शिबिर का आयोजन किया। शिबिर का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो.एम.एल.एन.मूर्तिजी ने किया । इस अवसर पर कुलपति ने रक्तदान की महत्व और यह किस प्रकार जीवन बचा सकता है उसके बारे में बताया । लगभग 80 छात्रा और विद्यापीठ के सदस्यों ने इस रक्त दान शिबिर में भाग लिए । और 60 इकाई रक्त जमा किया गया ।

राष्ट्रीय गान का सस्वर वाचन :

भारत सरकार के आदेशों के अनुसार, 23 अगस्त को सभी छात्र और कर्मचारी विद्यापीठ के प्रशासनिक भवन के पास 10.55 इकट्ठे हो कर, ठीक 11.00 बजे को प्रत्येक व्यक्ति ने राष्ट्रगान गाया था । माननीय कुलपति प्रो. एम.एल.एन. मूर्ति ने संभा को संबोधित किया और सभी को इस गतिविधि के संचालन के पीछे सरकार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और हजारों देशवासियों के अनगिनत बलिदान पर जोर दिया और देश एवं समाज के प्रति उत्तर दायी होने के लिए प्रेरित किया । आजादी - 70 के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को इस अवसर पर पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए गए ।

पुरस्कार विजेताओं की सूची

छात्र का नाम	पुरस्कार
भाषण प्रतियोगिता	
1. हेमंत कौशिक	प्रथम
2. एस. तिरुमल रेड्डी	द्वितीय
3. किरण भट्ट	तृतीय
4. जी. विद्यासुधा	सांत्वना
निबंध लेखन प्रतियोगिता	
1. जी. विद्यासुधा	प्रथम
2. हेमंत कौशिक	द्वितीय
3. जाधव निवृत्ति	द्वितीय
4. एस. तिरुमल रेड्डी	तृतीय
5. मुकेश कुमार	सांत्वना
6. सिद्धार्थ पण्डा	सांत्वना
देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता	
1. पुपुन दास	प्रथम
2. साईश्वरी सारंगी	द्वितीय
3. अनन्या नाथ	तृतीय
4. वीना आर्या	सांत्वना

छात्र का नाम	पुरस्कार
नृत्य प्रतियोगिता	
1. पल्लविनी महाराना	प्रथम
2. साईश्वरी सारंगी	द्वितीय
3. नोवाल्जीन महाराना	तृतीय
मौन अभिनय	
1. जाधव निवृत्ति	प्रथम
2. मीनाक्षी बेहरा	द्वितीय
3. रतनलाल पुरोहित	तृतीय
एक पात्राभिनय	
1. जाधव निवृत्ति	प्रथम
2. रतनलाल पुरोहित	द्वितीय

ई) हिंदी दिवस - 2016-17

हिंदी दिवस 14.9.2016 को मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि तिरुपति एन.सी.सी. के कमाँडर के.वी. विठ्ठलजी थे । उन्होंने हिंदी भाषा की महानता का उजागर किया और दैनिक दीवन में हिंदी भाषा के महत्व को समझाया । प्रो. आर.के. ठाकुरजी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदी की महत्व पर प्रकाश डाला । साहित्य और संस्कृति के संकाय प्रमुख, प्रो. सीएच.पी. सत्यनारायण जी ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए कुछ सुझाव दिए। हिंदी विभाग के सहायक आचार्या डॉ. टी. लतामंगेश इस समारोह की संयोजिका थी । उन्होंने सभा का स्वागत तथा धन्यवाद किया था । इस अवसर पर छात्रों, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए हिंदी भाषण, नाटक, निबंध, गायन जैसे विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । सम्माननियों द्वारा सभी विजेता ओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरिति किए गए ।

उ) गणतन्त्र दिवस -

विद्यापीठ में 26.01.2017 सुबह 8.15 को गणतंत्र दिवस मनाया गया है । इस समारोह में उपकुलपति महोदय प्रो. वि.मुरलीधर शर्मा, राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और प्रो.आर.एल.नरसिंह शास्त्री, अकादमिक मामलों का डिन, विविद अध्यापक डिन, प्रो.सि.उमाशंकर, रिजिस्ट्रार, अध्यापक गण, गैर शिक्षण स्टाफ और छात्र-छात्रावों ने इस सभा में भाग लिया गया ।

ऊ) अम्बेडकर जयंती समारोह

भारतीय संविधान के जनक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 125 वीं वर्ष गांठ को 14.4.2016 राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में मनाया गया । इस कार्यक्रम को रा.सं.वि. के रमारंजन मुखर्जी सभागार में मनाया गया । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी मुख्य अतिथि थे । प्रो. वी. चंद्रय्या, पुस्तकालय विज्ञान के आचार्य, श्रीवेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के सम्माननीय अतिथि थे । प्रो. सी. उमाशंकर समारोह में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित थे । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख समारोह के अध्यक्ष थे । डॉ. डी. नल्लन्ना समारोह के समन्वयक थे । इस अवसर पर प्रो. शतपथी ने कहा कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकार न केवल हमारे संविधान के निर्माता थे बल्कि एक महान दार्शनिक थे । प्रो. चंद्रय्या ने श्रोताओं को हिंदू कूट विधेयक लाने के लिए डॉ. बी.आर. अम्बेड़कर द्वारा किए गए महान प्रायासों को याद दिलाया । प्रो. सी. उमाशंकर ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन के कई घटनाओं को बताया जो अपने व्यक्तिगत और दृष्टिकोण को आकार देता है । प्रो. ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हर एक को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने का सलाह दिया । इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और समारोह में पुरस्कारों को वितरित किया गया ।

ए) 11 वीं अखिल भारत संस्कृत छात्रों का निश्नात परीक्षा

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने अपने परिसर में दिनांक 30 जनवरी से 2 फरवरी, 2017 तक बहुत ही उत्साह के साथ 11 वीं. अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा समारोह का आयोजन किया । देश के विभिन्न भागों के संस्कृत छात्रों के बुद्धि का परीक्षण और विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करने

के महान विचार है । इस वर्ष समारोह में सभी कोनों से 22 संस्कृत संस्थानों से 275 से अधिक छात्रों की भागदारी इस बात की बडी गवाही है । गौतमी विद्यापीठ, राजमंद्री के पूर्व प्रिंसपल, महामहोपाध्याय और राष्ट्रपति उपाधि से सम्मानित प्रो. विश्वनाथ गोपालकृष्ण शास्त्री जी ने महोत्सव का उद्घाटन किया और एस.वी. वेदिक विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. के.ई. देवनाथन सम्माननीय अतिथि थे । विद्यापीठ के परिसर में दिनांक 30 जनवरी के सुबह 10.00 बजे एस.बी. रघुनाथाचार्य मुक्ताकाश सभागार में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया । प्रो. आर.एल.एन. शास्त्री, शैक्षिक संकाय प्रमुख ने गणमान्य अतिथियों, छात्रों एवं और उनके मार्गदर्शकों का स्वागत किया । डॉ. सी. रंगनाथन संचालक थे । मुख्य अतिथि और सम्माननीय अतिथि ने प्रतिभागियों से पंरपरागता ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए तथा नए सिरे से संस्कृत के प्रति इच्छा जताने के लिए और संस्कृत के प्रचार में अपने जीवन को समर्पित करने का प्रेरक संदेश दिया । डॉ. भरत भूषण रथ, वाग्वर्धिनी परिषद के अतिरिक्त समन्वयक ने धन्यवाद भाषण दिया और राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन कार्यक्रम समाप्त किया ।

प्रतिभागी संस्थायाँ :

1. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, वेदव्यास परिसर, कांग्र, हिमाचल प्रदेश
2. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, श्री सदाशिव परिसर, पुरी, ओडिशा
3. ब्रह्मश्री संस्कृत महाविद्यालय, गुजरात
4. रामकृष्ण मिशन, विवेकानंद विश्वविद्यालयः, पश्चिम बेंगाल
5. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल।
6. श्री सूर्यपुर संस्कृत महाविदद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात
7. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, एकलव्य परिसर, अगर्तला, त्रिपुरा
8. राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति, आंध्रप्रदेश
9. गवर्नमेंट संस्कृत कलाशाला, त्रिपुनुतुरा
10. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, राजीव गाँधी परिसर, शृंगेरी, कर्नाटक
11. आर.एस.मुण्डेले धर्मपीठ आर्टस् कलाशाला, नागपुर
12. श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति, आंध्रप्रदेश
13. एस.एम.एस.पी. संस्कृत स्नातक स्नातकोत्तर अध्ययन केन्द्रम, उडुपी, कर्नाटक
14. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, लखनउ परिसर, लखनउ।
15. श्री लाल बहादूर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली
16. श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वति विश्व महाविद्यालय, एनत्तुर, काँचीपुरम्, तमिलनाडु
17. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, मुम्बई परिसर, मुम्बई
18. श्री अहोबिल मठ संस्कृत कॉलेज, मधुरान्तकम
19. पूर्णप्रज्ञा विद्यापीठ, बंगलूरु, कर्नाटक
20. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, गुरवायुर परिसर, गुरवायुर
21. सावित्रिबाई पूळे पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
22. कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विद्यालय, रामटेक, महाराष्ट्रा

उद्घाटन के बाद, 30 जनवरी के दोपहर में अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी । लगभग 40 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए ।और यह 3 घंटे से अधिक समय तक चला । अंतिम दो प्रतिद्वदियों के बीच पिछले आधे घंटे तक मौखिक द्वद्व हुआ अंततः उनमें से एक को विजेता माना । शाम को दो संस्कृतिक कार्यक्रम - गायन और मौन अभिनय का आयोजन किया गया - 20 प्रतियोगियों ने गायन प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रो. पी.एन. शास्त्री, कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान और प्रो. हृदय रंजन शर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष, वेद विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय विशेष आमंत्रित थे । और उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा महान संस्कृत गीतों का आनंद लिया । इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों का भी सम्मान किया गया । मौन अभिनय प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागियों ने विभिन्न ऐतिहासिक भूमिका निभाते हुए दर्शकों को पूरी तरह से मनोरंजन किया ।

दिनांक 31 जनवरी के सुबह सत्र में वेद, साहित्य, ज्योतिष और मीमांसा में भाषण प्रतियोगिता हुई थी । छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और उनके वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया । निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रावीणता का परीक्षण करने के लिए संबंधित विषयों में बहुत कठिन सवाल दिए । कुछ लोगों ने जवाब दिया बाकी ने प्रश्नों को सुनकर हताश रह गये । दोपहर के सत्र में न्याया, पुराणेतिहास, व्याकरण और सांख्य योग पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । शाम का समय एक पात्राभिनय प्रतियोगिता के लिए था । इस कार्यक्रम में 15 दलों ने भाग लिया । और ऐतिहासिक से लेकर समकालीन सामाजिक घटनाओं का प्रदर्शन ने दर्शकों को अपने जगहों से हिलने नहीं दिया । यह घटना रात के निचले घंटे तक जारी रही ।

दिनांक 1 फरवरी को वेदांत और धर्मशास्त्र पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । तदनंतर समस्यापूर्ति जिस में प्रश्न और पहेली प्रतिभागियों को दी गई थी और उन्हे काव्यात्मक रूप में हल करना था । क्विज प्रतियोगिता दोपहर में आयोजित की गई थी और सात दलों के प्रारंभिक परीक्षा के अनंतर कार्यक्रम में भाग लिए । सात दलों के प्रारंभिक परीक्षा के अनंतर कार्यक्रम में भाग लिया । शास्त्रों और पुराणों से खेल और संगीत तक विभिन्न विषयों के प्रश्न विद्यार्थियों की योग्यता का परीक्षण किया अगला कार्यक्रम लोकनृत्य का था और छात्रों ने बडे उत्साह के साथ भाग लिया । इस कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया गया और कुछ अनूह्या प्रदर्शनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर डाला । कुल मिलाकर 13 शैक्षिक और 4 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

दिनांक 2 फरवरी, सुबह ग्यारह बजे समापन समारोह का आरंभ किया गया । राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलाधिपति पद्मभूषण श्री एन. गोपालस्वामीजी इस समारोह के मुथ्य अतिथि थे । इस अवसर पर उन्होंने संस्कृत के सभी लोगों को सामूहिक रूप से संस्कृत के प्रचार के लिए बुलावा दिया । उन्होंने देश के विविध पुस्तकालयों और रिपोसिटोरिस में दुर्लभ पांडुलिपियों की मुर्दित रूप में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया । कुलपति प्रो. वी. मुरलीधर शर्माजी ने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के सभी विजेताओं को बधाई दी । उन्होंने छात्रों की सराहना की। इस अवसर पर पाणिनी व्याकरणोधरणाकोशाः - तद्धित प्रकरणम् का लोकार्पण माननीय कुलाधिपति श्री एन. गोपालस्वामी द्वारा किया गया । इस पुस्तक को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति और फ्रेंच संस्थान पुदुच्चेरी द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित की गई थी ।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक, नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया । प्रतियोगिताओं में अधिकतम संख्या में भाग लेनेवाली संस्था को ''रोलिंग शील्ड'' दिया गया और ग्यारह वीं अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा समारोह 2017 के रोलिंग शील्ड जीतनेवाला संस्था - राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति था । डॉ. ओ.जी.पी. कल्याण शास्त्री वाग्वर्धिनी परिषद के अतिरिक्त समन्वयक ने धन्यवाद भाषण दिया । और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया ।

11 वीं. अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा महोत्सव के संबंध में विद्यापीठ के परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी एवं बिक्री आयोजित की गई थी । विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित की गई सभी प्रकाशनों को 40% (प्रतिशत) की एक विशेष छूट दी गई थी । इसके अलावा तिरुपति वासियों के लिए संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी और वर्णक्रमानुसार गैलरी भी प्रदर्शित की गई थी । संस्कृत-विज्ञान प्रदर्शनी द्वारा प्राचीन शास्त्रों में विविध विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी गयी । भौतिकी, भूविज्ञान, जोमोलजी, रसायन, विज्ञान, ज्योतिष्य जैसे विभिन्न विषयों के बारे में प्रदर्शनी थी जो काफी जानकारी दे रही थी । और तिरुपति के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग लिया । वर्णनुक्रमिक गैलरी में भारतीय उपमहाद्वीप में विभिन्न लिपियों का क्रमिक विकास प्रदर्शनी ने सभी छात्रों को आकर्षित किया ।

ऐ) विद्यापीठ का बीसवें दीक्षांत समारोह :-

विद्यापीठ का बीसवें दीक्षांत समारोह दिनांक 20 फरवरी 2017 को आयोजित किया गया । माननीय न्यायामूर्ति श्री बी.एन. श्रीकृष्णा मुख्य अतिथि थे और राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के माननीय कुलाधिपति श्री एन. गोपालस्वामी, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) पूर्वप्रमुख चुनाव आयोग, भारतीय चुनाव आयोग, नई दिल्ली समारोह की अध्यक्षता की और संस्कृत के विशिष्ट गणमान्य विद्वनों को प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया गया । निम्नलिखित विद्वानों ने प्रतिष्ठित उपाधियों को प्राप्त किया :-

महामहोपाध्याय : पंडित श्री जगन्नाथ शास्त्री तेलंग, ब्रह्मश्री डॉ. चिंतलपाटि पूर्णानंद शास्त्री, ब्रह्मश्री नल्लगोंडा पुरुषोत्तम शर्मा

वाचस्पति : ब्रह्मश्री सामवेदं वेंकट षण्मुख शर्मा, डॉ. चंद किरण सलूजा

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश श्री बी.एन. शास्त्री ने अपने दीक्षांत भाषण में शिक्षा को हिंसा, घृणा से मुक्त करने पर जोर दिया । ''विद्या ददाति विनयं'' प्रसिद्ध शुभाशित से उन्होंने नम्रता के महत्व को दोहराया। जितना विद्यार्थियों के लिए अध्ययन महत्वपूर्ण है उतना ही समान महत्वपूर्ण शिक्षकों के लिए भी है । जो शिक्षक सीखने में समृद्ध, संस्कृति के अवतार, अच्छे स्वभाव, ईमानदार होता है वह छात्रों के शुभचिंतक माना जाता है । उन्होंने आशा व्यक्त किया कि विद्यापीठ एक ऐसी संस्था है जहाँ आदर्श शिक्षक एवं आदर्श छात्र रहते हैं ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यापीठ के कुलाधिपति श्री एन. गोपालस्वामी, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) ने विद्यापीठ द्वारा किया गया समझौता ज्ञापन के साथ भारतीय भाषाओं का केंद्रीय संस्थान (सी.आई.आई.एल.) मैसूर के भारतावनी परियोजना के योगदान विभिन्न कार्यक्रमों का स्मरण किया ।

प्रायः विद्यापीठ के कुलपति प्रो. वी. मुरलीधर शर्माजी ने सभा का स्वागत किया और विद्यापीठ की उपलब्धियों को उजागर किया । इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के निम्न छात्रों ने सम्मानित उपाधि प्राप्त की।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम/कक्षा	छात्रसंख्या		कुल
		नियमित	दूरविद्या	
1.	पीएच.डी. विद्यावारिधि	48	-	48
2.	एम.फिल. संस्कृत	67	-	67
3.	एम.फिल. शिक्षा शास्त्र	09	-	09
4.	आचार्य (सेमिष्टर एम.ए.)	184	199	383
5.	एम.एससी.	06	-	06
7.	एम.ए. हिंदी	07	-	07
8.	एम.ए.आई.एम.टी.	04	-	04
9.	शास्त्री (बी.ए.)	128	23	151
10.	बी.एससी.	15	-	15
11.	शास्त्री वेदभाष्यम	09	-	09

क) वार्षिक समारोह :-

दिनांक 24 फरवरी 2017 को विद्यापीठ का वार्षिक दिवस समारोह आयोजित किया गया । श्री मुक्तेश्वरराव, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) परियोजना अधिकारी, ति.ति.दे. मुख्य अतिथि थे । कुलपति प्रो. वी. मुरलीधर शर्माजी समारोह कि अध्यक्षता की । इस अवसर पर श्री मुक्तेश्वरराव जी ने प्राचीन संस्कृत विद्या के संरक्षण के लिए तिरुमल तिरुपति देवस्थानों की विभिन्न गतिविधियों में विद्यापीठ के संकायों की अधिक सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता को बताया । अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने अपने पुराने दोस्त श्री मुक्तेश्वर जी का स्वागत किया । उन्होंने विद्यापीठ के छात्रों से को प्राप्त सर्वोत्तम अवसरों को अपने उत्कृष्ट अध्ययन में बनाए रखने के लिए कहा । इस अवसर पर वार्षिक साहित्यिक प्रतियोगिताएँ, विजेताओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार, पदक और चैम्पियनशिप दिए गए । तदनंतर छात्रों द्वारा गायन, नृत्य, नाटक, मौन अभिनय और अन्य सांस्कगृतिक प्रदर्शन प्रदर्शित किए गए ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के प्रो. राणी सदाशिव मूर्ति जी, साहित्य विभाग को राल्लबंडि कविता प्रसाद की तेलुगु पुस्तक ओंटरी पूलबुट्ट संस्कृत को अनुवाद के लिए प्राप्त केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया ।

आगम परंपरा को बनाए रखने और बढावा देने के रूप में विद्यापीठ आगम पंडितों को वर्ष में एक बार सम्मानित करता है । बहुत ही उदारता के साथ एक निधि को शुरू किया गया । श्री आकेल्ल विश्वेश्वरा और मीरा. आकेल्ल, जगन्नाथन और ललिता, डॉ. रोम्पिचेर्ल श्रीनिवासाचार्युलु और प्रसन्नलक्ष्मी, पैडा श्रीनिवास वाणी और शारदा एवं संयुक्त राज्य अमेरिका से एन.वी. श्रीनिवास राव ने दान दिया था । कॉर्पस निधि से अर्जित ब्याज द्वारा हर साल वैखानस, पांचरात्र, शैव, वैदिक स्मार्त आगम पंडितों को सम्मानित किया जाता है । प्रो. विष्णुभट्टाचार्युलु इसके संयोजक हैं । वर्ष 2016-17 के लिए निम्नलिखित आगम पंडितों को वार्षिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया।

यु.ए.के. सुंदरवरधन, वैखानस आगम पंडित

चिलकपाटि तिरुमलाचार्युलु, पांचरात्र आगम पंडित

आइरावज्जल रामकृष्णशास्त्री, वैदिक स्मार्तागम पंडित

ख) छात्रावास दिवस समारोह

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ का छात्रावास दिवस 25 फरवरी, 2017 को आयोजित किया गया । आई.आई.टी., तिरुपति के निर्देशक, प्रो. के.एन. सत्यनारायण इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जब कि कुलपति प्रो. वी. मुरलीधर शर्मा ने इस समारोह की अध्यक्षता किया । इस अवसर पर प्रो. सी. उमाशंकर, कुलसचिव एवं छात्रावास के वार्डन, प्रो. सीएच.पी. सत्यनारायण जी अतिरिक्त वार्डन तथा सभी छात्रावास के डिप्यूटी वार्डन भी उपस्थित थे । प्रो. के.एन. सत्यनारायण ने अपने वक्तव्य में विद्यापीठ के आवश्यक प्रगतिशील गतिविधियों में आई.आई.टी., तिरुपति का समर्थन आश्वासन दिया । प्रो. वी. मुरलीधर शर्मा जी ने अपने भाषण में विद्यापीठ के विभिन्न गतिविधियों को बताने हुए समय के अनुसार बने रहने के लिए कहा । छात्रावास के छात्रों के लिए आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए । तदनंतर विद्यापीठ के सभी कर्मचारी और छात्रों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया । छात्रावास के छात्रों ने दर्शकों को उत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

ग) गणमान्य अतिथियों का ब्योरा :-

दिनांक 20 मई 2016, माननीय प्रो. रामकृष्ण कथरिया, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने विद्यीपठ का दौरा किया ।

दिनांक 15.9.2016 आई.आई.टी. निर्देशक प्रो. के.एन. सत्यनारायण जी विद्यापीठ का दौरा किया ।

दिनांक 23 जनवरी, 2017 को राजभाषा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रारय, भारत सरकार, नई दिल्ली से श्री गजराज सिंह ने राजभाषा के कार्यान्वयन संबंध में विद्यापीठ का दौरा किया ।

घ) अन्नदानम परियोजना :

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के पुराने छात्र एवं शिक्षक संघ वालों ने यह निर्णय लिया कि देश के कोने-कोने से अध्ययन हेतु आए गरीब एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यापीठ के छात्रावासों में मुफ्त रूप से खाना देना। इससे उनकी पढाई के लिए मन चिंता मुक्त रहेगा। इसके अतिरिक्त रखरखाव के लिए अन्य आवर्ती अनुदान रु. 50 लाख है । करीब 1781 छात्र विद्यापीठ में देश के अलग-अलग इलाके से आए रहते हैं। तकरीबन 1472 छात्र विद्यापीठ के हॉस्टलों में रहकर इस मुफ्त खाने का उपयोग लेंगे। इस संघ के विद्वानों, प्रोफेसरों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं

अधिकारियों आदि आकर अन्नदानम् परियोजना व्यवस्था में बडे उदार मन से चावल और रूपये देने का निर्णय लिए हैं।

साथ ही तिरुमल देवस्थानम, तिरुपति ने 15 लाख रूपये का दान किया है। यह आवर्ती अनुदान बच्चों को कम खर्चे में बोजन देने के लिए दिया गया है। इस कम खर्चे का भोजन का उद्घाटन दिनांक 29 जुलाई, 2008 को माननीय कुलाधिपति जी ने किया है।

ङ) स्वामी शिवानंद छात्रवृत्ति वितरण समारोह (दिनांक 5 सितंबर, 2016)

शिक्षक दिवस के अवसर पर दिनांक 5 सितंबर, 2016 को स्वामी शिवानंद छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ने किया था। राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के प्रभारी कुलपति प्रो. एम.एल.एन. मूर्ति जी समारोह के मुख्य अतिथि थे। प्रो. सी. उमाशंकर, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलसचिव सम्माननीय अतिथि थे और प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख समारोह के अध्यक्ष थे। प्रो. रजनीकांत शुक्ल, शिक्षाशास्त्र के संकाय प्रमुख और प्रो. सीएच.पी. सत्यनारायण, साहित्य और संस्कृति के संकाय प्रमुख को भी समारोह की शोभा बढाने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. भरत भूषण रथ, समन्वयक ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।

छात्रवृत्ति की चयन प्रक्रिया :-

कुलपती जी ने आचार्य प्रथम वर्ष और आचार्य (एम.ए.), द्वितीय वर्ष से प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति के लिए छात्रों की चयन प्रक्रिया के लिए एक समिति गठित को किया। राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के शैक्षिक संकाय प्रमुख के कार्यालय में दिनांक 30 जून, 2016 को शाम के 4 बजे समिति के सदस्यों की बैठक हुई। सदस्यों ने आचार्य प्रथम वर्ष से 10 छात्रों को और द्वितीय वर्ष से 10 छात्रों को (कुल मिलाकर 20 छात्र) छात्रवृत्ति पाने के योग्य माना। चयन प्रक्रिया विद्यापीठ के वार्षिक परीक्षा में प्राप्त श्रेणी सूची के आधार पर था। प्रथम श्रेणी छात्र ही छात्रवृत्ति योग्य है। साहित्य, व्याकरण, वेदभाष्य, अद्वैतवेदांत, विशिष्टाद्वैत वेदांत, द्वैतवेदांत, पुराणेतिहास, न्याय और धर्मशास्त्र जैसे विभिन्न शास्त्रों से सदस्यों ने छात्रों को चुना।

आचार्य प्रथम वर्ष

क्र.सं.	छात्रों का नाम	रोल नं.	विभाग	अंक
1.	किरण शंकर भट्ट	15050033	साहित्य	917/1000
2.	सुकान्त परमानिक	15050080	व्याकरण	800/1000
3.	गिरिजा शंकर पात्रो	15050135	अद्वैतवेदान्त	841/1000
4.	प्रदीप कुमार वी.	15050097	द्वैतवेदान्त	892/1000
5.	शिबशंकर होता	15050179	वेदभाष्यम	859/1000
6	वीरेन्द्र कुमार वी.	15050102	मीमांस	817/1000
7.	सुचिस्मिता पालेटि	15050128	धर्मशास्त्र	864/1000
8.	प्रियांका प्रधान	15050167	पुराणेतिहास	831/1000
9.	ए.आर.वी. नागेन्द्र कुमार	15050006	साहित्य	905/1000
10.	जशोबंटि मेहर	15050078	व्याकरण	710/1000

आचार्य द्वितीय वर्ष

क्र.सं.	छात्रों का नाम	रोल नं.	विभाग	अंक
1.	एम. रेवती सुप्रजा	14050037	साहित्य	1714/2000
2.	रजिता ए.	14050089	व्याकरण	1708/2000
3.	सरिता ए.	14050091	व्याकरण	1708/2000
4.	सोम मोण्डल	14050106	अद्वैत वेदान्त	1618/2000
5.	देबाशिश पौल	14050107	विशिष्टाद्वैत वेदांत	1550/2000
6.	दुर्गा शरण रथ	14050196	वेदभाष्यम	1713/2000
7.	रोजी दाश	14050129	धर्मशास्त्र	1766/2000
8.	सुभलक्ष्मि पण्डा	14050139	धर्मशास्त्र	1766/2000
9.	अच्युत मिश्रा	14050166	पुरानेतिहास	1731/2000
10.	परमि साई फणेंद्र	14050099	न्याय	1421/2000

प्रत्येक छात्र ने रु. 5000/- राशी को चेक के रूप में दिनांक 5 सितंबर 2015 को स्वामी शिवानंदा स्मारक समारोह पर पुरस्कार रूप में प्राप्त किया ।

च) सतर्कता जागरूकता सप्ताह :-

दिनांक 31.10.2016 से 5.11.2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया और प्रशासनिक कर्मचारियों से सुबह 11.00 बजे प्रभारी कुलपति प्रो. एम.एल.एन. मूर्तिजी द्वारा प्रतिज्ञा करवाया गया । सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भाग लिया । ''अखंडता को बढ़ा वादेने और भ्रष्टाचार उन्मूलन में सार्वजनिक भागीदारी'' पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम को आयोजन किया गया । प्रो. आर.के. ठाकुर, कार्यक्रम के समन्वयक थे ।

V. परियोजनाएँ

अ. पारंपरिक शास्त्रार्थ विषय के संबंध में उत्कृष्टता केंद्र

प्रस्तावना -

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, अपने आप में एक अलग पहचान रखता हैं। इस संस्था का मूल उद्देश्य देश में अच्छे व्यक्तित्व और अच्छे नागरिकों को निर्माण करना तथा शास्त्र-संस्कृति ते उनको ज्ञानार्जन करवाना साथ ही साथ उसका विकास करवाना है। यह संस्कृत भाषा सभी को एकता में जोडनेवाली एक मजबूत कडी है। इसलिए इसकी राष्ट्रीय संस्कृति चारों तरफ छलकती है।

विद्यापीठ की स्थापना आंध्रप्रेदश तिरुपति में भगवान श्री वेंकटेश्वर के छत्र छाया में सन 1961 में शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा की गयी थी। सन् 1987 में विद्यापीठ को भारत सरकार ने संस्कृत प्रचार प्रसार हेतु संपूर्ण रूप से मानित विश्वविद्यालय के नाम पर घोषित कर दिया था। विद्यापीठ ने निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियों को शुरू किया है-

1. संस्कृतभाषा और साहित्य, शास्त्रों के शिक्षण
2. अनुसंधान और प्रकाशन
3. नवाचारी परियोजनाएँ
4. संग्रह और पांडुलिपियों का संरक्षण
5. विस्तार कार्यकलापों

उत्कृष्टता केंद्र के संबंध में -

सन् 2002 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- नई दिल्ली ने विद्यापीठ में पारंपरिक शास्त्रों के अंतर्गत संस्कृत भाषा का अध्ययन-अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार हेतु उत्कृष्टा केंद्र की अनुमति दी गई थी। इसके संबंध में ३ करोड मंजूर की गई और उसके अंतर्गत शास्त्रार्थ संबंध में कई परियोजनायाँ का आरंभ राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में किया गया है।

उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत कई परियोजनाएँ चलाई जा रही हैं, वे सभी काफी महत्वपूर्ण कार्यों में अपना काम जारी रखे हुये हैं। इस योजना के अंतर्गत 13 कार्यक्रमों को लागू किया गया। यह कार्यक्रम तेजी से लुप्त होती पारंपरिक संस्कृत सीखने को अतः पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से, तथा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए संस्कृत शिक्षण/ अध्ययन प्रक्रिया पांडुलिपि उपकरण आदि बनाने के लिए किया गया है।

पारंपरिक शास्त्रार्थ विषय से संबंधित में उत्कृष्टता केंद्र

चरण - II

दूसरा और तीसरा हप्ता अगस्त 2007 में राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के उत्कृष्टता केंद्र के पारंपरिक शास्त्रों संबंध में जांच- पडताल समिति ने निरीक्षण कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सूचित करते ही वह उत्कृष्टता केंद्र के

अंतर्गत ग्यारह वी योजना में 3.00 करोड रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना की कार्य-सूची निम्न है। संबंधित पत्र संख्या 18/2002 (एन.एस./पी.ई) दिनांक 8 अक्तूबर, 2008.

प्राप्त परियोजना

1. शास्त्रवारिधि
2. प्रकाशन
3. आडियो और विडियो प्रलेखीकरण
4. आडियो - विडियो रिकार्ड केंद्र का निर्माण
5. लिपि विकास प्रदर्शिनी
6. प्राचीन पांडुलिपि अध्ययन के ईलेक्ट्रानिक साधन
7. संस्कृत स्वयं अध्ययन कीट्स
8. प्रलेखीकरण अर्टफ्याक्ट्स
9. पांडुलिपियों का डिजिटिलैजेशन
10. योग, दबाव प्रबंध एवं हेलिंग केंद्र
11. संगोष्ठीयाँ/कार्यशालाएँ
12. कंप्यूटर विज्ञान और संस्कृत भाषा तकनालजी में स्नातकोत्तर सेतु पाठ्यक्रम

योजना के निर्णय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस योजना संबंधित विद्यापीठ के कुलपति जी ने समस्त संकाय प्रमुखों, विभाग के अध्यक्षों, अधिकारियों, संयोजनाधिकारियों और अन्य उत्कृष्टता केंद्र से संबंधितों को कुलपति जी के अध्यक्षता में सह-समिति बैठक बुलाया गया था। माननीय कुलपति जी ने सभी सदस्यों को सराहते हुए वित्तीय वर्ष के तदत सभी प्राध्यापकों को परियोजना के लिए प्रस्ताव रख कर मंजूरी लेने के लिए बताया। उसके लिए एक एक्शन योजना भी उन्होंने तैयार की है।

आ. उत्कलपीठ :

रिपोर्ट के तहत वर्ष के लिए उत्कल पीठ द्वारा निम्न लिखित अनुसंधान गतिविधियों का आयोजन किया गया। अपने उद्देश्यों के अनुसरण में

1. उत्कल दिवस अप्रैल 2016 को उडीसा चेयर द्वारा मनाया गया ।
2. श्री जगन्नाथ महाप्रभु का रथ यात्रा माननीय प्रभारी कुलपति प्रो. एम.एल.एन. मूर्ति ने त्योहार का उद्घाटन किया।
3. सबदिसाई का संग्रहा और जगन्नाथ चित्रकल्प को प्रकाशित करने के लिए प्रेस को किताबें भेजा गया ।
4. भगवान जगन्नाथ और उनकी द्वादश यात्रा के लिए विशेष पुस्तक की तैयारी प्रकाशन के लिए की जा रही है।

इ. सॉप (विशेष सहायक कार्यक्रम)

विद्यापीठ यु.जी.सी. सॉप के तहत तीन विभागों के लिए युजीसी समर्थन प्राप्त करने का अनुठा गौख प्राप्त हुआ है । वे साहित्य विभाग, शिक्षा विभाग और दर्शन विभाग है ।

(i) साहित्य विभाग :

दिनांक 1.4.2013 से 31.3.2018 की पाँच साल की अविधि के लिए डी.आर.एस. द्वितीय के लिए डी.आर.एस. (साहित्य) के उन्नयन को मंजूरी दी है । ''भरत के समय से संस्कृत काव्यशास्त्र में तकनीकी शब्दों के विश्वकोश'' । डी.आर.एस. द्वितीय सॉप है । रु. 31 लाख तथा दो प्रोजेक्ट फैलोस को दिया गया था । प्रो. सी. ललिताराणी समन्वयक और डा. के. राजगोपालन सह समन्वयक हैं ।

(ii) शिक्षा विभाग :

यु.जी.सी. विशेष सहायता काय्रक्रम (डी.आर.एस. 1) 2009-2014 यु.जी.सी. ने शिक्षा विभाग को विशेष सहायता कार्यक्रम के तहत रु. 29.50 लाख तथा दो प्रोजेक्ट फेलोस को दिया गया । शिक्षा विभाग अपने कार्य, शैक्षिक उपलब्धि और व्यवहार्य क्षमता के आधार पर सॉप की मंजूरी दी गयी । अनुसंधान के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षण एवं अनुसंधान का एक संयोजन कार्य है । यह यु.जी.सी. द्वारा शिक्षा विभाग को विशेष सहायता पाँच साल की अवधि के लिए है । इस कार्यक्रम के तहत ''भाषा के विकास और सामग्री उत्पादन'' है । **यु.जी.सी. विशेष सहायता कार्यक्रम (डी.आर.एस. 2) 20015-2020** यु.जी.सी.अपनी विशेष सहायता कार्यक्रम डी.आर.एस. द्वितीय के तहत विद्यीपठ के शिक्षा विभाग को रु. 97.50 लाख मंजूर किया गया । शिक्षा विभाग विकास के लिए अपने कार्य, शैक्षणिक उपलब्धि और व्यवहार्य क्षमता के आधार पर सॉप को मंजूर किया गया । शिक्षा विभाग को यह पाँच साल की अवधि के लिए किया गया । प्रो. वि.मुरलीधरशर्मा समन्वयक और प्रो.प्रह्लाद आर.जोशी सह समन्वयक हैं । आचार्य वि. मुरलीधर शर्मा, कुलपति और समिति निधि उपयोग से संतृष्ट थी, निधियों का अधिक उपयोग करने के कारण निधि उपयोग के विवरण के साथ दूसरे किस्त के निधि के लिए प्रमाण पत्र सौंपा गया था ।

(iii) दर्शन विभाग :

प्रतिष्ठित विशेष सहायता कार्यक्रम राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के दर्शन विभाग की मंजूरी विश्व विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दी गई । गंगेश उपाध्याय की तत्व चिंतामणि पर टिप्पणियाँ और उपटीकाओं का महत्वपूर्ण सर्वेक्षण'' परियोजना शीर्षक है । प्रो. ओ.श्रीरामलाल शर्मा समन्वयक और प्रो. पी.टी.जी.वाई. संपतकुमाराचार्युलु सह समन्वयक हैं । कार्य संतोष जनक है ।

ई . योगी नारेयणी परियोजना :

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ने योगी नारेयणी दर्शन परियोजना को योगी नारेयणा दार्शनिक कार्यों को संस्कृत, हिंदी और तेलुगु भाषाओं में अनुवाद को गोकुल एजुकेशनल फाउंडेशन, कैवारं, कर्नाटक के समझौता के

साथ परियोजना को शुरू किया गया । प्रो. टी.वी. राघवाचार्युलु समन्वयक है । कार्य प्रगति के लिए परियोजना अध्येता की नियुक्ति के लिए आवश्यक कदम लिया गया । दिनांक 16.12.2015 को रु. 4.68 लाख (तिमाही) की परियोजना को शुरु करने के लिए प्राप्त किया गया ।

उ . योगीनारेयणी परियोजना

योगी नारेयेणी परियोजना को एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करने के साथ विद्यापीठ में स्थापित किया गया था । तीन भाषाओं में योगी नारेयनी, काइवर, कर्नाटक के दार्शनिक कार्यों का अनुवाद अर्थात् गोकुल शिक्षा फाउंडेशन, काईवारा के साथ अंग्रेजी, संस्कृत और हिन्दी । निम्न लिखित कर्मचारियों परियोजना फेलो के रूप में काम कर रहे हैं। डी. गुरु सुब्रमण्यम, डा. एस. पांडुरंगा विट्ठल और डा. के. वसुमती ।

श्री टी. श्री तेजा कंप्यूटर ऑपरेटर और पी. दुर्गा देव सिंह परियोजना चलाने में सहायक कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं । 2.5.2015 विद्यापीठ में परियोजना चलाने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी । कईवारा में बैठकों की समीक्षा में परियोजना कर्मचारियों ने भाग लिया और वे योगीनारेयेणी पर एक संक्षिप्तिका को प्रस्तुत किया।

वर्तमान स्थिति - 2016-17 में श्री भगवद रामानुज के लिए सहसंबंधी समारोह का स्मरण करते हुए, योगी नारेयणी के साथ भागवत रामानुज के दार्शनिक कार्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है । काइवरा (जी.ई.एफ.) में 12.3.2017 को काम का नतीजा को प्रस्तुत किया जा रहा है ।

ऊ . ई-पी.जी. पाठशाला

व्याकरण शास्त्र के लिए ई-पी.जी. पाठशाला परियोजना को यू.जी.सी. के द्वारा एल.आर.सं.एफ. 1-9/2013 (ई-सामग्री) दिनांक 28.11.2014 को व्याकरण विभाग, आर.एसं. विद्यापीठ और 12 लाख रूपये की राशि मंजूर की गई और 1.08 करोज रुपये जारी किए गये । परियोजना 21.01.2015 को शुरु किया गया था । आचार्य एस.एस. मूर्ति को प्रधान अन्वेषक, प्रो. आर.एल.एन. शास्त्री और प्रोफेसर जे रामकृष्ण सह - प्रधान जाँच कर्ता थे । श्री के.वै. हर्षवर्षन कुमार और आर. चिन्न मल्लेश नायक के परियोजना फेलो और सहायक के रूप में चयन किया गया था ।

646 मॉड्यूल में से 534 आडियो विजुअल स्वयं सीख मॉड्यूल पूरा हो चुका । अखिल भारतीयों के प्रतिष्ठित व्याकरण शिक्षक को पढने, संपादन और समीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया है । परियोजना का परियोजना कार्य के रूप में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया । दो कार्यशालाएँ एक 24 और 25 जनवरी 2015 को और 3 और 4 जून 2016 को आयोजित किया गया है । परियोजना का काम पूरा हो गया दिसंबर, 2016 निर्धारित अवधि के भीतर यूजीसी को प्रस्तुत किया गया । यूजीसी ने आर.एस. विद्यापीठ सदस्यों की सराहना की । अंततः ई-पीजी.पाठशाला खाते में बिना खर्च की राशि रु. 6,35,878/- का है ।

यू.जी.सी. ने 23.12.2016 को उप समिति की अपनी 28 वीं बैठक में परियोजना विकास को घोषणा की है। परियोजना के लिए 31.3.2017 तक पी.जी. पाठ्यक्रम ई-सामग्री विकास का उत्पादन विषयों और ई-पी.जी. पाठशाला ई-सामग्री को एम.ओ.ओ.सी.एस. में फिर से करना है ।

इ . कैरियर कौंसिलिंग सेल

यू.जी.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार कैरियर काउंसिलिंग सेल शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ आर.एस. विद्यापीठ, तिरुपति में कार्य कर रहा है । यह छात्रों का समर्थन कर रहा है । संस्कृत को बोलने के विकास में, सॉफ्ट कौशल और संचार क्षमता को चुनौती देने की क्षमता, प्रतिस्पर्धी परीक्षणों की कठोरता, विभिन्न विषयों के साथ रुचि रखने वाले शिक्षकों की एक समूह ने छात्रों को प्रशिक्षित किया । छात्रों में इन कौशलों को प्रोत्साहित करना ।

आचार्य एस. सुदर्शन शर्मा निर्देश, आई.क्यू.ए.सी. और डीन, साहित्य एवं संस्कृति का उद्घाटन किया । यू.जी.सी प्रायोजित कैरियर द्वारा आयोजित गैर शिक्षण कर्मचारी के लिए स्पोकन संस्कृत, 29.06.2016 को काउंसिलंग सेल और अवसर पर एक बडमूल्य भाषण दिया । प्रख्यात विद्वान प्रो.राधाकांत ठाकुर डीन, अकादमिक ने गैर शिक्षण स्टाफ का स्वागत किया गैर शिक्षण कर्मचारियाँ के लिए संस्कृत भाषा की आवश्यकता पर अपना मूल्यवान भाषण दिया। यह कार्यक्रम 30 दिन तक जारी रहा । विद्यापीठ के सभी गैर शिक्षण कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

आचार्य एम.एल.एन मूर्ति माननीय कुलपति ने संस्कृत छात्रों के लिए 27.11.2016 को व्यक्तित्व पर विशेष व्याख्यान दिए और 'भगवद्गीता के माध्यम से व्यक्तित्व विकास' पर भाषण दिया । डॉ अक्षय कुमार मिशाने संस्कृत विभाग के अध्यक्ष, डी.ए.सी कालेज, नैनोला, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 'कैरियर विकास' पर पावर पाईंट प्रस्तुत की आचार्य सत्यनारायण, समन्वयक ने, कैरियर काउसिलिंग सेल भारत में वर्तमान संस्कृत शिक्षा प्रणाली के बारे में छात्रों को निर्देशित किया ।

ई . मॉडल कैरियर केन्द्र -

राष्ट्रीय कैरियर सेवा योजना के तहत आदर्श कैरियर केन्द्र की स्थापना राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति में भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा हुआ था ।

मॉडेल कैरियर केंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ए.पि, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा 2015 वर्ष में इस प्रस्ताव पर मंजूरी देदी और रुपये का बजट आंवटित किया । 15.17 लाख के लिए 60% की तीन किश्तों में दी जानेवाली अनुदान सहायता के रूप में एम सी सी की आधारभूत संरचना की स्थापना हुआ ।

गणित विभाग के डॉ. वि रमेश बाबू को एम सी सी के समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया था । जनवरी 2017 का महीना, एक युवा प्रोफेशनल, एम.एस पद्मावती तायारू मद्दिपल्ली को तैनात किया गया था मार्च 2017 में 3 अप्रैल 2017 को कार्य के लिए सूचना दी है ।

9.10 लाख रुपये की पहली किश्त को एम ओ एल ई और उपयोगिता प्रमाण पत्र राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने 12.38 लाख को भेजा था । एम ओ एल और ई से निरीक्षण दल 12 अक्टूबर 2017 को एमसीसी का दौरा किया और (टीम) समूह ने आदरणीय कुलपति आचार्य वि.मुरलीधर शर्मा जी के साथ चर्चा की । समिति निधि उपयोग पर संतुष्ट थी ।

वर्तमान में, एमसीसी के लिए सिविल और बिजली के कामकाजी दिशानिर्देशों के मुताक पूर्ण है । विभिन्न एमसीसी के गतिविधियों के लिए एम.ओ.एल. और ई द्वारा निर्धारित और केन्द्र अच्छी तरह सुसज्जित है । वर्तमान में नौकरी चाहने वालों का पंजीकरण केन्द्र में एनसीएस पोर्टल पर किया जा रहा है । इसलिए पोर्टल पर 200 से अधिक उम्मीदवार पंजीकृत किए गए है और लगभग 800 उम्मीदवारों का पंजीकृत किया जा रहा है । एमसीसी इस विश्वविद्यालय में संस्कृत के विभिन्न कोर्स के छात्रों के पंजीकरण के लिए सर्वोच्च स्थान देगा ।

एमसीसी अपने हित धारकों के लिए रोजगार और व्यवसाय से संबंधित सेवाओं को पूरा करेगा । मुख्य रूप से नौकरी पानेवाले परियोजना अपने सभी पंजीकृत करने के लिए राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल का इस्तेमाल करती है । प्रमुख हितधारक नौकरी और नियोक्ता नौकरी पानेवाले नौकरियों के लिए आवेदन करने के लिए इस पोर्टल पर पंजीकृत करें और कैरियर की घटनाओं या नौकरी मेले में भाग लें । नियोक्ता इस पोर्टल और रिक्तियों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं । सभी प्रकार के नियोक्ताओं, सार्वजनिक साथ ही निजी संस्थाओँ इस पोर्टल पर रजिस्टर कर सका है । वे नौकरी मेले के संचालन के लिए एमसीसी के लिए भी संपर्क कर सकते हैं ।

नियुक्ति ड्राइ्ब जब भी वे अपने लिए उम्मीदवार को किराए पर लेना चाहते हैं । एमसीसी के प्रचार के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय पत्रों में एक समाचार वस्तु दी गई थी । प्रतिक्रिया क्षेत्र से 100 से अधिक उम्मीदवार पंजीकृत थे। बाँससीएसआर डिविजन ने प्रशिक्षण विद्यालय बुनियादी नौकरियों के कौशल में कॉलेज छोडने वालों और उन्हें प्रवेश स्तर में 100% नियुक्त देने के लिए संपर्क किया । कैसे 45 दिनों की अवधी के लिए 25 उम्मीदवारों के एक नैच के साथ दैनिक चलाएगा । एमसीसी उम्मीदवारों को जुटाएगा और बी ओ एस सी एच प्रशिक्षण कीटों के साथ समर्थन करेगा और इस केन्द्र में प्रशिक्षण पूरा करनेवाले उम्मीदवारों की नियुक्ति ।

एनसीएस पोर्टल, एनसीएस जागरूकता, कैरियर वार्ता । घटनाओं, प्लेसमेंट और नौकरी मेले समर्थन के साथ एमसीसी में किए जानेवाली गतिविधियाँ में हितधारकों के पंजीकरण हैं । बाँश भारत बुनियादी के सहयोग से नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जो एक अनोखी है और सि एमसीसी में एक मूल्य जोडे ; इस परियोजना के अंतर्गत अधिकांश एमसीसी में नहीं है ।

उ . प्रमुख अनुसंधान परियोजनाएँ

''श्रीमदांध्र भागवतमुलो मानवता विलुवलु'' नामक दो वर्षीय परियोजना को मंजूरी यूजीसी के द्वारा दी गई है । डॉ. नल्लन्ना प्रधान अन्वेषक हैं । 4,95,800 रुपयों का योगदान यूजीसी की ओर से प्राप्त हुआ । 3,57,500/- की राशी पहली किस्ते के रूप में जारी किया गया था । इस परियोजना के लिए आगे खर्च करने के लिए शेष राशि अनुदान की इंतजार कर रहे हैं ।

VI. आधारिक संरचना

अ. ग्रंथालय :

विद्यापीठ ग्रंथालय की मुर्दित पुस्तक संग्रह 1980 पुस्तकों जोडकर, 1,08,788 तक बढ़ गया। कुल पांडुलियों का संग्रह 8,035 शीर्षकों के साथ 3,930 तक बढ़ गया है । दिनांक 31.3.2017 के आँकडे के अनुसार एच मुलली शर्मा, शोधछात्र द्वारा डिजिटल के रूप में उपहार दिया गए 1 पांडुलिपि है। प्रो. वी.ए.स. विष्णुभट्टाचार्युलु, आगम विभाग के विभागाध्यक्ष, को 10 पांडुलिपियों (7 पाम पत्र पांडुलिपि, 3 पांडुलिपियों) को प्रात्प किया है ।ग्रंथालय हर साल 150 भारती पत्रिकाएँ और 5 विदेशी पत्रिकाओं की सदस्यता ले रही है । वर्ष के दौरान 24,870 पुस्तकों की लेन देन है ।

अब वि.अ.ए. इन्फ्लिब्नेट् कार्यक्रमों के सहारे यह विद्यापीठ का ग्रंथालय सारा गणकीकृत हो चुका है । अर्जन, क्याटलॉगींग और परिचालन अनुभाग सारा अपने - आप कार्य करता है । ओप्याक व्यवस्था को जनता के लिए रखा गया है। बारकोडिंग किताबों का कार्य सब समाप्त हो गया है ।

अलग-अलग विषयों के किताबें और पांडुलिपियाँ आदि सब ग्रंथालय में उपलब्ध हैं । वे निम्न हैं -

साहित्य, व्याकरण, श्रीमद्भगवद्गीता, वेदांत, अद्वैत वेदांत, विशिष्टाद्वैत वेदांत, द्वैत वेदांत, मीमांस, योग, साङ्ख्य, न्याय, वैशेषिक, उपनिषद, ज्योतिष, रामायण, महाभारत, भारतीय विज्ञान, गणितशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, भारतीय धर्म, बुद्धीजम, जैनीजम्, अन्य धर्म वैदिक साहित्य, पुराण साहित्य, पाश्चात्य तत्त्वज्ञान, इन्डोलाजी, चरित्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, ग्रंथालय शास्त्र, आयुर्वेद, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, तेलुगु साहित्य, कला और वास्तुशास्त्र, कानून्, अन्य विशेष (महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, श्री अरबिंदो आदि) सम्मेलन और स्मरणोत्सव खण्ड, प्रचलित क्याटलॉग् में पांडुलिपियाँ उपस्थित हैं।

ग्रंथालय का उपयोग करनेवाले :

विश्वविद्यालय ग्रंथालय ने 1500 सदस्यों को बनाया है । हर बार ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को यह ग्रंथालय बनाती है। कम- से - कम हर दिन पाँच सौ सदस्य - ग्रंथालय का उपयोग लेते हैं । और एक सौ लोग छुट्टियों में ।

आ. छात्रावास :

चार छात्रावास छात्रों के लिए और तीन छात्राओं के लिए बनाया गया है । एक छात्रावास शोध छात्रों के लिए निर्मित किया गया।

छात्रों के छात्रावासों के नाम - शेषाचल, वेदाचल और गरुडाचल आदि प्राक्-शास्त्री से विद्यावारिधी तक हैं । दो अलग-अलग भोजन शाला और एक जुडा हुआ पाक गृह है। उनमें उत्तर भारतीय एवं दक्षिण भारतीय भोजनों की सुविधा दी गई है । जिससे देश के अलग - अलग जगह से आए छात्र - छात्राओं को ज्यादा फायदा हो सके ।

नीलाचल छात्र वास नए भवन का नाम नीलाचल रखा गया है । इस में 150 छात्रों को रहने की सुविधा होगी।

'श्री पद्मावती महिला छात्रावास' लडकियों के लिए है । इसमें प्राक्-शास्त्री से विद्यावारिधी तक की लडकियाँ रहती हैं । अलग पाकगृह और भोजनशाला की सुविधा दी गयी है । यहाँ सुविधानुसार छात्रावास बनाने को सोचा जा रहा है ।

नये महिला छात्रावास को हाल ही में बनाकर आनेवाले छात्राओं को रहने की इंतजाम कर देने के लिए विद्यापीठ तैयार है । इसका खर्चा तकरीबन एक करोड रुपये तक आने की संभावना मानी जाती है । यहाँ कमसे कम 125 छात्राएँ रह सकती हैं।

सिंहाचल शोध छात्रावास - ग्यारहवें योजना के मुताबिक वि अ ए द्वारा शोध छात्रों के लिए स्वीकृती प्राप्त छात्रावास की निर्माण हो चुका है । यहाँ लगभग 125 छात्र रह सकते हैं ।

अतिथि गृह - इस वर्ष के दौरान अतिथि गृह में एक और मंजिल बनाया गया। लिफ्ट को भी व्यवस्थित किया गया।

वकुलाचल महिला छात्रावास :

वकुलाचला नाम से एक महिलाछात्रावास का निर्माण किया गया । जिस में २०० छात्र रह सकते हैं ।

इ. मन:शास्त्र प्रयोगालय :

इस मन:शास्त्र प्रयोगशाला को वैज्ञानिकता में छात्र प्रशिक्षणता को ध्यान में रखते हुए आई.ए.एस.ई. ने निर्माण किया है । यह शाला शिक्षा शास्त्री (बी.एड्.) और शिक्षाचार्य (एम्.एड्.) छात्रों को अत्यंत उपयोगी है ।

ई. बहु भाषा माध्यम प्रयोगालय :

यह बहु भाषा माध्यम प्रयोगालय संस्कृत और अंग्रेजी प्रशिक्षणार्थियों को सुविधाजनक है । 'संस्कृत भाषिका' नामक संस्कृत प्रक्रिया सामग्री फिलहाल तैयारी में है । इसे उच्चतर पर बनाने का विचार जारी है । इस प्रयोगशाला का उपयोग, भाषा सीखनेवालों, संस्कृत, सांस्कृतिक ज्ञानि आदियों को सुविधाजनक हों इसीलिए गणकीकृत बनाया जा रहा है ।

उ. वर्णानुसार गैलरी :

वर्णानुसार गैलरी (लिपि विकास प्रदर्शनी) का निर्माण 2003 में उत्कृष्टता परियोजना के अंतर्गत किया गया है । इस वर्णानुसार गैलरी को निर्माण करने का मकसद प्राचीन युग से वर्णों का विकास करना था । (3000 बी.सी.) अब प्रांतीय स्तर पर लिपि विकासित हो रही है । (9 वी सदी ए.डी.)

आरंभ से हिंद प्रांत के नागरिकों को भाषाई ज्ञान बडाने हेतु लिखना व पढाने के लिए आसान बनाने में डा. एस्.आर. राव जैसे ख्यात विज्ञानियों का योगदान है । प्रारंभ से हिंद लिपि का संबंध सेमेटिक लिपि से ही है । अवेस्तन और वैदिक संस्कृत भाषाएँ (फोनेटिक, सेमेटीक और व्याकरण) ऐसे बहुत सारे द्रवीडियन भाषाएँ (विद्वानों से परिचर्यात हैं) हरचानीगई ऋग्वेद के समय की कही जाती है।

ऐतिहासिक काल से हिंद लिखावट अच्छी मानी गई है । खासकर जो लिपि मुद्रित होती हैं । ये मुद्रित हिंद लिपियाँ महत्वपूर्ण हैं । उनमें लोथा नामक पाश्चात्य भारतीय शोधकर्ता ने 1950-1980 में काम किया है । यह गैलरी भी मुद्रित करने में महेजोदाडो (पाकिस्तान) और कालिबंगान (भारत) साथ ही साथ प्राचीन पूर्वी भारतीय हिस्सा, जैसे कीस्स और बरगा, डा. (सुमेर-ईराक), हिस्सार तथा बहरेन । हिंद के मुद्रित माडल वैली, मुद्रा, स्कुलाचर, ब्रोंचस आदि को लोग अपनी जीवन में अपनाने लगे । और संस्कृत इतिहास को सीखने लगे । आज-कल वेदिक कन्सेप्ट और अध्यात्मीक समय को कितना हम जानते हैं; यह सोच पर निर्भर हैं ।

ऊ. प्रसारित अंतर्जाल सुविधा :

विद्यापीठ ने अपने कर्मचारियों एवं छात्रों को अंतर्जाल की सुविधा बनाए रखी है । यह सुविधा विद्यापीठ में प्रसारित के (के.बी.पी.एस.) डिसनेट और (256 के.बी.पी.एस.) नेट में दी है ।

अंतर्जाल : यह सुविधा यहाँ के शहरी हिसाब से चलती है ।

ऋ. कंप्यूटर केंद्र :

विद्यापीठ में उपकरणों से सुसज्जित कंप्यूटर केंद्र है जो अधिक से अधिक छात्रों की आवश्यकता पूरी कर सकता है ।

1. दो पेपरों को प्राकशास्त्री के लिए अनिवार्य किया ।
2. शास्त्री में कम्प्यूटर अप्लिकेशन के लिए आठ पेपर ।
3. बीएससी में कम्प्यूटर विज्ञान के लिए आठ पेपर ।

4. एम एस सी में बारह पेपर (कम्प्यूटर विज्ञान और संस्कृत भाषा तकनीकी।
5. एम ए संस्कृत में 5 पेपर (शाब्दबोधा और संस्कृत भाषा तकनीकी)।

इसके अलावा विभाग युजीसी द्वारा अनुमोदित सांयकाल कक्षाएँ, जो करियर ओरियंटेड पाठ्यक्रम को भी चला रहा है ।

- डीटीपी कोर्स (प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, अड्वान्स डिप्लोमा)

- वेबतकनीकी कोर्स (प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, अड्वान्स डिप्लोमा)

इसके अलावा विभाग विश्वविद्यालय वेबतकनीकी, हार्डवेर, साफ्टवेर रखवावव तथा नेटवर्क की समस्याओं को हल करता है । वर्ष के दौरान वेबसैट को हिंदी अनुवाद भी कर रहा है ।

ए. कर्मचारी मकान :

विद्यापीठ ने दो टाईप - V मकान, एक टाइप - IV मकान, एक टाइप - III I मकान, एक टाइप-II मकान और दो टाइप- मकान 22 विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को निवास हेतु बनाया गया है ।

ऐ. बहुविध व्यायाम शाला :

छात्रों के शारीरिक तंदुरुस्ती हेतु इस बहुविध व्यायाम शाला का विद्यापीठ में निर्माण किया गया है ।

यह बहुविध व्यायाम शाला के 16 केंद्र है -

कुल्हामांसपेशि : यह केंद्र कुल्हा, मांसपेशि को भी दोबारा विकास करता है । **ऊँचा चरखीदार :** यह नाडी युक्त मांसपेशि का विकास करता है । ऊँचापन, खांसी मांसपेशि, बाहें, चौडी छाती, कंधों को सुधार ने में ऊँची चरखीदार मदद करता है । जितना चाहे उतना तोलकर अपने कंधे के सहारे उठा सकते हैं । **उदर संबंधी बेंच :** यह साधन उदर संबंधी है । उदर के सहारे व्यक्ति जितना हो सके, उतना ही बोझा उठा सकता है । **भोरमुल यंत्र :** यह यंत्र बहुत ही उपयुक्त है । एक बार शरीर में ताजी हवा लेने लगे तो शरीर बडा तंदुरुस्त लगने लगता है। बडते तनाव को **रोकना :** यह यंत्र शरीर के आगे और पीछे के हिस्से का विकास करवाता है । **मरोडना :** यह व्यायाम शरीर के मांसपेशियों में ताकत भरता है । एक तरह से पूरे शरीर को तोड-मरोड करवाता है । **बांहे, हृदयंगम छल्लेदार :** इस व्यायाम शरीर के घुटने, बाहें, हथेली, माथा, एल्बो आदि मांसों का विकास करने में मदद करता है। **पेक्क डेक्क :** यह तंदुरुस्त मांसोंवाला मनाता है । और मांस, हड्डी को विकास करवाता है। **छुबकीदार:** यह यंत्र के प्रकार से हुबकी लगाने जैसा होता है । इससे शरीर के अंग-अंग फूल उठता है । मांसों में भी विकास होता है । **पैर से दबाना :** यह दोनों पैरों से चलता है । घुटने और एडियों में ताकत भरने में मदद करता है । मांस में भी विकास करता है । **स्काऊट दबाव :** इसके सहारे घुटने की मांस एवं एडियों में जोर बरनेवाला होता है । **पुल्ल अप्स:** यह यंत्र अपनी तरफ ध्विंचने का होता है । यह बाहों, छाती आदि में चौडाई लाने में सफल करवाता है।

इस बहुविध व्यायाम शाला का फायदा विद्यापीठ के कर्मचारी एवं छात्र सभी डा. एम.आदिकेशवुलु नायुडु, प्रवाचक एवं अध्यक्ष, व्यायाम शिक्षा विभाग जी के निरीक्षण में ले सकते हैं ।

VII. स्थापना/प्रशासन

नियुक्तियाँ : -

पदोन्नति :

अध्यापकेतर गण - श्रीमति लीलावतम्म उच्चस्थर लिपिक पद से असिस्टेंट पद की पदोन्नती हुई और श्री के .बि.सुब्रह्मण्यम् को लिपक पद से उच्चस्थर लिपक पद की पदोन्नती हुई।

सेवा निवृत्तियाँ :

प्रो. एस.सत्यनारायण मूर्ति, प्रोफेसर, व्याकरण विभाग को दिनांक 30.06.2016 सेवानिवृत्त हुए ।

वर्ष के दौरान विद्यापीठ के अधिकारियों की बैठक :

1. प्रबंधन बोर्ड : 30.06.2016; 30.11.2016; 22.02.2017

2. वित्त समिति : -

3. विद्वत परिषद : 19.02.2017.